FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

सराहनीय कार्य दिनाँक 22-09-23 थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।

थाना नगला सिंघी की कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 05 जोडी पायल, 10 जोडी बिछुआ (60नग), 01 जोडी कानों के कुण्डल सफेद धातु सम्बन्धित अ0सं0 176/23 धारा 380/411 भादवि0 व 03 अंगूठी , एक गले की जंजीर पीली धातु तथा 5000 रु0 सम्बन्धित अ0सं0 143/23 धारा 457/380/411 भादवि0 बरामद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान जिसमें लूट / चोरी / नकबजनी के अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना वांछित था। उक्त आदेश के अनुपालन में **अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरो0 व क्षेत्राधिकारी टूण्डला तथा थानाध्यक्ष नगला सिंघी** के निर्देशन में दिनांक 22.09.2023 को थाना नगला सिंघी पुलिस को उस समय महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी जब श्री नीलेश कुमार पुत्र श्री रामसेवक निवासी ग्राम बझेरा थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद द्वारा सूचना दी कि मेरे घर कन्हैया पुत्र श्री रामऔतार निवासी ग्राम कुतुकपुर थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद आज दिनांक 22.09.23 को सुबह करीब 03.30 बजे चोरी करके जा रहा था जिसे हमने मय चोरी के माल 05 जोडी पायल, 10 जोडी बिछुआ (60 नग), 01 जोडी कानों के कुण्डल सफेद धातु के पकड लिया है। इस सूचना पर थाने पूर्व में रवाना शुदा फोर्स को घटना स्थल पर पहुंचने हेतु बताया गया। मौके से वादी मुकदमा व हमराहीयान मय अभियुक्त कन्हैया उपरोक्त मय माल व पुलिस फोर्स के उपस्थित थाना आये। इस सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 176/23 धारा 380/411 भादवि0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अभियुक्त कन्हैया से पूछताछ अन्य अपराध करने के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो अभियुक्त ने दिनांक 16/17.08.23 को ग्राम धीरपुरा में चोरी करने का अपराध कबूल किया। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 143/23 धारा 457/380 भादवि0 पंजीकृत है। विवेचना उ0नि0 श्री केबल सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है। अभियुक्त ने निशादेही पर 03 अंगूठी, एक गले की जंजीर पीली धातु तथा 5000 रु0 नकद सम्बन्धित अ0सं0 143/23 धारा 457/380/411 बरामद कराये। अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता –

1. कन्हैया पुत्र रामऔतार निवासी कुतुकपुर थाना नगला सिंघी जिला फिरोजावाद

अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग -

1. अ0सं0 176/23 धारा 457/380/411 भादवि0 थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -

1. अ0सं0 143/23 धारा 380/411 भादवि0 थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 श्री केबल सिंह थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद
2. है0का0 817 राजा भैया थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद
3. का0 612 बबलू कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद
4. का0 680 राजमावी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद
5. का0 403 चन्द्रकान्त जोशी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद
6. म0का0 125 रिशू उत्तम थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद